भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5279
24 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

मछली उत्पादन में वृद्धि

5279. डॉ. रबीन्द्र नारायण बेहेरा:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के शुभारंभ के बाद से दिसंबर, 2025 तक ओडिशा में मत्स्य उत्पादन में कितनी वृद्धि हुई है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान ओडिशा में उक्त योजना के अंतर्गत धनराशि के वितरण के माध्यम से लाभान्वित हुई महिला लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और

(ग) क्या उक्त अवधि के दौरान ओडिशा में उक्त योजना के अंतर्गत शीत-श्रृंखला, प्रसंस्करण तथा पैकेजिंग के लिए सरकार द्वारा कोई सहायता प्रदान की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार, ओडिशा सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2020-21 से प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) का कार्यान्वयन कर रहा है। इस अवधि के दौरान, मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने विभिन्न पहलों के माध्यम से मात्स्यिकी क्षेत्र के विकास के लिए ओडिशा सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को 481.17 करोड़ रुपए के केंद्रीय शेयर सहित 1,301.30 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति दी है। इनमें मत्स्य उत्पादन इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे हैचरी, तालाबों का निर्माण, री-सर्क्युलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS), बायोफ्लॉक यूनिट्स और जलाशयों में केज कल्चर का निर्माण और सुदृढ़ीकरण शामिल है। ओडिशा सरकार ने सूचित किया है कि राज्य का कुल मत्स्य उत्पादन 2019-20 में 8.18 लाख टन से बढ़कर 2024-25 में 11.92 लाख टन हो गया है।

(ख): PMMSY के अंतर्गत व्यक्तिगत या समूह गतिविधियों में महिलाओं को सहायता प्रदान करने के लिए 60 प्रतिशत की बढ़ी हुई वित्तीय सहायता प्रदान करके मात्स्यिकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहन दिया जाता है। योजना के तहत, मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने मात्स्यिकी क्षेत्र में महिलाओं को सहायता प्रदान करने और सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई विभिन्न पहलों को स्वीकृति दी है। ओडिशा सरकार ने सूचित किया है कि 14,246 महिला लाभार्थियों ने PMMSY के तहत लाभ प्राप्त किया है।

(ग): PMMSY के तहत, ओडिशा में कोल्ड चेन, प्रोसेसिंग और पैकेजिंग के लिए सरकार द्वारा सहायता प्रदान की गई है। कोल्ड चेन और पैकेजिंग यूनिट्स के लिए अनुमोदित विस्तृत गतिविधियां अनुबंध-I में प्रस्तुत की गई हैं।

****

अनुबंध-I

मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के संबंध में 24 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5279 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण – प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के तहत ओडिशा में अनुमोदित कोल्ड चेन, प्रोसेसिंग और पैकेजिंग यूनिट्स का विवरण:

(रुपए लाख में)

क्र.सं.	**गतिविधियाँ**	**अनुमोदित यूनिट्स**	**परियोजना लागत**
1.	10, 20 और 50 टन/दिन क्षमता के कोल्ड स्टोरेज/आइस प्लांट्स (निर्माण और आधुनिकीकरण सहित)	32	3930.00
2.	रेफ्रिजरेटेड गाड़ियां	10	250.00
3.	आइस बॉक्स वाले थ्री-वीलर, जिसमें मत्स्य विक्रय के लिए ई-रिक्शा भी शामिल हैं	270	810.00
4.	आइस बॉक्स वाली मोटरसाइकिलें	700	525.00
5.	फिश फीड प्लांट	21	4000.00
6.	फिश रीटेल मार्केट	17	1700.00
7.	फिश कियोस्क	42	420.00
8.	लाइव फिश वेंडिंग सेंटर	5	100.00
	कुल		**11735.00**